"प्रश्न-पत्र पर क्रमांक (रोल नम्बर) के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें, अन्यथा इसे अनुचित साधनों का प्रयोग माना जायेगा तथा नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।"

Roll N

B.A./B.Sc. B.Ed. (I)

**5002**

Found. Gen. Hindi

# बी.ए./बी.एस.सी. बी.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा, 2023

## प्रथम प्रश्न-पत्र

## आधार पाठ्यक्रम : सामान्य हिन्दी

## (Foundation Course)

समय : दो घण्टे

अधिकतम अंक : 100

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से किसी एक सही उत्तर का निर्देशानुसार ओ.एम.आर. शीट पर गोला काला करना है।

https://www.jnvuonline.com

1. दिलफिगार किस कहानी का पात्र है?

(A) ईदगाह

(B) नमक का दारोगा

(C) कफन

(D) दुनिया का सबसे अनमोल रत्न

2. विश्वासपात्र मित्र जीवन में किसके समान है?

(A) दोषों

(B) त्रुटियों

(C) औषधि

(D) कुमार्ग

3. 'अमर शहीद भगतसिंह' (लघु जीवनी) के रचनाकार कौन हैं?

(A) कुबेरनाथ सिंह

(B) विवेकीराय

(C) विष्णु प्रभाकर

(D) विद्यानिवास मिश्र

4. भारतमाता सोसायटी के संस्थापक कौन थे?

(A) अजीतसिंह

(B) भगतसिंह

(C) अजयसिंह

(D) रघुवीरसिंह

5. भगतसिंह का जन्म कब हुआ था?

(A) 28 सितंबर, 1907

(B) 28 अक्टूबर, 1908

(C) 26 नवम्बर, 1909

(D) 27 दिसम्बर, 1906

6. 'रूप व्यक्ति-सत्य है, नाम समाज-सत्य' -यह कथन किस निबंध से उद्धृत है?

(A) प्रिया नीलकंठी

(B) अशोक के फूल

(C) कुटज

(D) रस-आखेटक

7. 'महादेवी साहित्य संग्रहालय' का उद्घाटन कब हुआ?

(A) 1990

(B) 1996

(C) 1995

(D) 1998

8. 'देवी स्थान के शिखर पर-महादेवी' किस विधा की रचना है?

(A) आत्मकथा

(B) संस्मरण

(C) जीवनी

(D) कहानी



https://www.jnvuonline.com

9. 'जैसे पुराना कपड़ा उतारकर नया बदला जाता है वैसे ही मृत्यु है।' यह कथन किसने कहा?

(A) अजीतसिंह

(B) भगतसिंह

(C) यशपाल

(D) प्रेमचन्द

10. 'कभी-कभी जो लोग ऊपर से बेहया दिखते हैं, उनकी जड़ें काफी गहरी, पैठी रहती हैं।' यह कथन किसके सन्दर्भ में कहा गया है?

(A) अशोक

(B) कुटज

(C) नीलगिरी

(D) पीपल

11. महादेवी के अध्ययन कक्ष में जाते ही निर्मल वर्मा को कहाँ की याद आई?

(A) नैनीताल की

(B) वाराणसी के घाट के आश्रम की

(C) हिमालय की

(D) अपने घर की

12. इसरो सरकारी संस्था कब बनी?

(A) 1975

(B) 1970

(C) 1972

(D) 1980

13. एस.एल.वी. परियोजना का उल्लेख किस रचना में किया गया है?

(A) गंगा : आविर्भाव और तिरोभाव

(B) अग्नि की उड़ान

(C) अग्नि में घी

(D) देवी स्थान के शिखर पर-महादेवी

14. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के अनुसार सफल नेतृत्व के आवश्यक तत्व है :

(A) स्वतंत्रता

(B) अधिकार

(C) शक्ति

(D) उपर्युक्त सभी

15. 'गंगा : आविर्भाव और तिरोभाव' के लेखक कौन हैं?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) विवेकी राय

16. 'गंगा दशहरा' किस माह में मनाया जाता है?

(A) ज्येष्ठ

(B) चैत्र

(C) वैशाख

(D) अश्विन



https://www.jnvuonline.com

1* स्वयं अभिशप्त होकर असंख्य लोगों का वरदान कौन बनी?

(A) बेतवा

(B) केन

(C) गंगा

(D) सिन्धु

18. 'दरिद्रदेवो भव, मूर्खदेवो भव' किसके विचार हैं?

(A) स्वामी विवेकानन्द

(B) स्वामी अखंडानंद

(C) स्वामी प्रसाद

(D) स्वामी केशवानंद

19. खेतड़ी के महाराज को विवेकानन्द ने पत्र कब लिखा?

(A) 1895

(B) 1890

(C) 1894

(D) 1899

20. महादेवी वर्मा 'पहाड़ों का वसंत' किस ऋतु को कहती थीं?

(A) गरमी

(B) वर्षा

(C) शरद

(D) वसंत

21. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतन्त्र रूप से किया जाता है, वे कहलाते हैं

(A) व्यंजन

(B) स्वर

(C) शब्द

(D) वाक्य

22. निम्न में से कौन-सी ध्वनि सघोष महाप्राण है?

(A) ग

(B) द

(C) भ

(D) ब

23. हिन्दी वर्णमाला में अयोगवाह वर्ण कौन-से हैं?

(A) अ, आ

(B) उ, ऊ

(C) अं, अः

(D) ओ, औ

24. 'क्ष' किन वर्णों के मेल से बना है?

(A) क् + स

(B) क् + च

(C) क् + ष

(D) ष् + आ



https://www.jnvuonline.com

25. निम्न में से उत्क्षिप्त मूर्धन्य व्यंजन कौन-सा है?

(A) प

(B) ल

(C) न

(D) ढ़

26. 'ऋग्वेद' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(A) ऋगु + वेद

(B) ऋ + वेद

(C) ऋकु + वेद

(D) ऋक् + वेद

27. 'अनु + इति' की संधि है :

(A) अन्विति

(B) अन्वेती

(C) अनविति

(D) अन्वीति

28. 'यद्यपि' में कौन-सी स्वर संधि है?

(A) यण्

(B) गुण

(C) दीर्घ

(D) वृद्धि

29. निम्न में से कौन-सा अव्ययी भाव समास का उदाहरण नहीं है?

(A) प्रतिदिन

(B) आमरण

(C) चन्द्रचूड़

(D) यथाशक्ति

30. निम्न में से कौन-सा द्विगु समास का उदाहरण है?

(A) राजर्षि

(B) नवरत्न

(C) कमलनयन

(D) पथभ्रष्ट

31. 'प्राचार्य' में उपसर्ग है :

(A) प्राच्

(B) प्र

(C) प्रा

(D) प्रआ

32. 'बुढ़ापा' में प्रत्यय है:

(A) आपा

(B) पा

(C) आ

(D) अपा



https://www.jnvuonline.com

33. निम्न में से ईंट का तत्सम शब्द है :

(A) इष्टिका

(B) इष्ट्र

(C) इंट

(D) इष्ट

34. 'दृष्टि' का तद्भव है :

(A) डीठ

(B) दीठ

(C) दीढ़

(D) डीढ़

35. निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) अनुगृहीत

(B) उज्जवल

(C) उपरोक्त

(D) आहूती

36. निम्न में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(A) कवयित्री

(B) प्रज्ज्वलित

(C) अहर्निश

(D) वाल्मीकि

37. तद्भव शब्दों से क्या आशय है?

(A) विदेशी भाषा से आये शब्द

(B) संस्कृत के शुद्ध शब्द

(C) संस्कृत से उत्पन्न या विकसित शब्द

(D) इनमें से कोई नहीं

38. आगत शब्दों से क्या आशय है?

(A) तत्सम शब्द

(B) देशज शब्द

(C) विदेशी शब्द

(D) तद्भव शब्द

39. 'मोहन और मोहन का पुत्र व्यस्त हैं।' इस वाक्य में कौन-सी अशुद्धि है?

(A) संज्ञा पद की

(B) क्रिया पद की

(C) सर्वनाम पद की

(D) विशेषण पद की

40. निम्न में से किस वाक्य में विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि है?

(A) पुस्तकों में यह बहुत श्रेष्ठ है।

(B) कोई ने कहा था।

(C) तुम मेरी प्रतीक्षा देखो।

(D) वह बस के साथ ही यात्रा कर रहा है।



https://www.jnvuonline.com

41. निम्न में से व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है :

(A) भारत

(B) दीपावली

(C) रामायण

(D) उपर्युक्त सभी

42. निम्न में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(A) शैशव

(B) देवत्व

(C) चांदी

(D) बचपन

43. पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

(A) दो

(B) पाँच

(C) छह

(D) तीन

44. 'यह, वह' में कौन-सा सर्वनाम है?

(A) निजवाचक

(B) प्रश्नवाचक

(C) निश्चयवाचक

(D) अनिश्चयवाचक

45. 'जिसने परिश्रम किया, वह पास हो गया' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?

(A) प्रश्नवाचक

(B) पुरुषवाचक

(C) संबंधवाचक

(D) निश्चयवाचक

46. निम्न में से एकवचन नहीं है :

(A) नदी

(B) आँसू

(C) छात्र

(D) घोड़ा

47. 'वह बगीचा सूख गया है।' वाक्य में रेखांकित शब्द है :

(A) संज्ञा

(B) क्रिया

(C) सार्वनामिक विशेषण

(D) कारक

48. 'वह लड़की बुद्धिमान है।' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?

(A) परिमाणवाचक

(B) संख्यावाचक

(C) गुणवाचक

(D) इनमें से कोई नहीं



https://www.jnvuonline.com

49. निम्न में से क्रिया का भेद नहीं है :

(A) मुख्य क्रिया

(B) सहायक क्रिया

(C) रंजक क्रिया

(D) संबंधवाचक क्रिया

50. निम्न में से अकर्मक क्रिया का उदाहरण है :

(A) दिव्या हँसती है।

(B) अपूर्वा सोती है।

(C) बच्चा रोता है।

(D) उपर्युक्त सभी

51. 'रोगी से चला नहीं जाता है।' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(A) कर्मवाच्य

(B) भाववाच्य

(C) कर्तृवाच्य

(D) उपर्युक्त सभी

52. निम्न में से अपूर्ण भूतकाल का उदाहरण है :

(A) विद्यार्थी गये।

(B) वह आया था।

(C) गाड़ी आ रही थी।

(D) वर्षा हुई होगी।

53. 'संभवतः वह वापस आ जायेगा।' वाक्य में कौन-सा काल है?

(A) वर्तमान काल

(B) भूतकाल

(C) भविष्य काल

(D) इनमें से कोई नहीं

54. 'यहाँ, वहाँ' में कौन-सा क्रिया-विशेषण है?

(A) कालवाचक

(B) परिमाणवाचक

(C) रीतिवाचक

(D) स्थानवाचक

55. निम्न में से विस्मयादिबोधक अव्यय है :

(A) अरे

(B) ओह

(C) है

(D) उपर्युक्त सभी

56. निम्न में से कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण है?

(A) धीरे-धीरे

(B) नीला

(C) सूर्योदय

(D) बिताया



https://www.jnvuonline.com

57. :- यह चिह्न है :

(A) योजक चिह्न

(B) विवरण चिह्न

(C) पूर्ण विराम

(D) अपूर्ण विराम

58. हंसपद चिह्न कौन-सा है?

(A) ^

(B) :

(C) !

(D) -

59. शब्दों का संक्षिप्त रूप लिखने के लिये कौन-सा चिह्न लगाया जाता है?

(A) उद्धरण चिह्न

(B) लाघव चिह्न

(C) कोष्ठक

(D) त्रुटिपरक चिह्न

60. 'वे गये और तुम आये।' वाक्य में समुच्चयबोधक है :

(A) वे

(B) तुम

(C) और

(D) आए

61. निम्न में से 'अक्षर' का अर्थ नहीं है :

(A) ब्रह्म

(B) जीव

(C) बकरा

(D) सर्प

62. निम्न में से 'जलज' का अर्थ है :

(A) शंख

(B) सोना

(C) चतुर

(D) ज्ञान

63. निम्न में से 'मधु' का अर्थ नहीं है :

(A) शहद

(B) पराग

(C) शराब

(D) गरल

64. निम्न में से 'अर्थ' का अर्थ है:

(A) प्रयोजन

(B) पृथ्वी

(C) धान

(D) वेद



https://www.jnvuonline.com

65. निम्न में से 'शिव' का अर्थ है :

(A) शंकर

(B) मंगल

(C) शुभ

(D) उपर्युक्त सभी

66. निम्न में से 'ग्रह-गृह' का सही मेल कौन-सा है?

(A) घर-नक्षत्र

(B) नक्षत्र-घर

(C) आकाश-तारा

(D) तारा-आकाश

67. निम्न में से 'पावस-पायस' युग्म का सही अर्थ है :

(A) वर्षा-खीर

(B) खीर-वर्षा

(C) पानी-दूध

(D) दूध-पानी

68. निम्न में से 'धनु-धेनु' युग्म का सही अर्थ है :

(A) धनुष-गाय

(B) गाय-धनुष

(C) सिंह-धनुष

(D) सिंह-गाय

69. 'परुष-पुरुष' का सही मेल है :

(A) कठोर-भारी

(B) भारी-कठोर

(C) कठोर-आदमी

(D) आदमी-कठोर

70. 'विष्णु की उपासना करने वाला' कहलाता है :

(A) उपासक

(B) वैष्णव

(C) शाक्त

(D) शैव

71. 'जो पहले जन्मा हो' कहलाता है :

(A) अनुज

(B) मीत

(C) अग्रज

(D) अमीत

72. 'जानने की इच्छा रखने वाला' कहलाता है :

(A) छिद्रान्वेषी

(B) जिज्ञासु

(C) जुगुप्सा

(D) जिगीषु



https://www.jnvuonline.com

73. 'भूत, वर्तमान और भविष्य को देखने वाला' कहलाता है :

(A) त्रिवेणी

(B) त्रिकालदर्शी

(C) त्रिनेत्री

(D) त्रैमासिक

74. 'आगे की बात को भी सोच लेने वाला' कहलाता है :

(A) दूरदर्शी

(B) दुराचारी

(C) दुराग्रही

(D) दुर्ज्ञेय

75. निम्न में से 'इन्द्र' का पर्यायवाची नहीं है :

(A) सुरपति

(B) शचीपति

(C) सुरेश

(D) सूर्यपुत्र

76. निम्न में से 'फूल' का पर्यायवाची है :

(A) पुहुप

(B) दामिनी

(C) प्रभा

(D) प्रज्ञा

77. निम्न में से 'उपेक्षा' का विलोम है :

(A) प्रतिकूल

(B) उत्प्रेक्षा

(C) परीक्षा

(D) अपेक्षा

78. निम्न में से 'खंडन' का विलोम है :

(A) मंडन

(B) टूटना

(C) विखंडन

(D) असली

79. 'तीन में न तेरह में' लोकोक्ति का सही अर्थ है :

(A) अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होना

(B) संख्या में अधिक होना

(C) जिसका कुछ भी महत्त्व न हो

(D) संख्या में कम होना

80. 'समझ पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है :

(A) बहुत चालाक होना

(B) विवेक खो देना

(C) दिमाग पर पत्थर पड़ना

(D) सोच-समझकर जवाब देना



https://www.jnvuonline.com

81. भारतीय संविधान में संघ की राजभाषा किसे स्वीकार किया गया है?

(A) हिन्दी

(B) चीनी

(C) राजस्थानी

(D) मराठी

82. हिन्दी की लिपि कौन-सी है?

(A) कुटिल लिपि

(B) चित्र लिपि

(C) शारदा लिपि

(D) देवनागरी लिपि

83. देवनागरी में स्वरों की संख्या कितनी है?

(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 10

84. निम्न में से संयुक्त व्यंजन नहीं है :

(A) क्ष

(B) ष

(C) श्र

(D) त्र

85. निम्न में से दन्त्य ध्वनि है :

(A) ग

(B) त

(C) ट

(D) प

86. '८९' को देवनागरी में लिखेंगे :

(A) उनहत्तर

(B) नवासी

(C) उनासी

(D) निन्यानवे

87. '52' को देवनागरी में लिखेंगे :

(A) बावन

(B) बानवे

(C) बाहनवे

(D) कोई नहीं

88. निम्न में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(A) लिपी

(B) पुन्य

(C) नई

(D) अध्यन



https://www.jnvuonline.com

89. निम्न में से मानक शब्द है :

(A) संहार

(B) सम्हार

(C) सन्हार

(D) सण्हार

90. निम्न में से देवनागरी की विशेषता नहीं है :

(A) एक ध्वनि के लिये एक लिपि चिह्न का प्रयोग

(B) लेखन और उच्चारण में स्पष्टता

(C) अक्षरों की सुडौलता

(D) लेखन और उच्चारण में अस्पष्टता

91. हिन्दी वर्तनी में दोष होने का कारण है :

(A) लिपि का अपूर्ण ज्ञान

(B) भाषाई विविधता

(C) वाचन की लापरवाही

(D) उपर्युक्त सभी

92. किसी राज्य में अधिसूचना किसके द्वारा प्रकाशित होती है?

(A) राज्यपाल

(B) मुख्यमंत्री

(C) कैबिनेट मंत्री

(D) राज्यमंत्री

93. कार्यालय टिप्पणी का प्रयोग होता है :

(A) किसी कार्यालय के कर्मचारी पर टिप्पणी हेतु

(B) स्थानान्तरण की सूचना हेतु

(C) किसी कर्मचारी को चेतावनी देने हेतु

(D) किसी निर्णय तक पहुँचने के लिए विद्यमान नियमों-तथ्यों के अनुरूप विचार हेतु

94. परिपत्र भेजा जाता है :

(A) अधिकतम दो लोगों को

(B) भारत के प्रधानमंत्री को

(C) सिर्फ जिला कलेक्टर को

(D) एक साथ अनेक प्रेषितियों को

95. समाचार-पत्रों में प्रकाशित निविदा को कहा जाता है :

(A) सीमित निविदा

(B) खुली निविदा

(C) संक्षिप्त निविदा

(D) सम्पर्क निविदा

96. कार्यालय आदेश में आवश्यक नहीं है :

(A) पत्र क्रमांक

(B) भवदीय

(C) प्रतिलिपि

(D) संबोधन



https://www.jnvuonline.com

97. [illegible] का अंग्रेजी पारिभाषिक रूप है :

(A) PROCESS

(B) PARTY

(C) PETITION

(D) PERMIT

98. '[illegible]' का अंग्रेजी पारिभाषिक रूप है :

(A) GUIDE

(B) GAZETTE

(C) OATH

(D) SECRET

99. 'QUORUM' का हिन्दी पारिभाषिक रूप है :

(A) गणपूर्ति

(B) हानिरहित

(C) दोषपूर्ण

(D) समयावधि

100. 'EMPLOYER' का हिन्दी पारिभाषिक रूप है :

(A) प्रबंधक

(B) कोषाध्यक्ष

(C) नियोक्ता

(D) अधिवक्ता

●●●

https://www.jnvuonline.com